54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 30.2 °c
अधिकतम 21.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:20, सूर्यास्त - 7:13 | वर्ष : 54/ अंक : 150 | सोमवार, 01 जून 2026 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

हारने में बुराई नहीं है, लेकिन हार मान लेने में बहुत बड़ी बुराई है? उठ और इस बाजी को पलट दे! अज्ञात

भाजपा में जो जितना बेईमान, वो बैठा है उतनी ऊंची मचान : अखिलेश यादव



जो दल भी होता है महान... क्यूं मिटता है उसका नामों निशान ?

# ऑनर किलिंग, भाई ने बहन को गला काट उतारा मौत के घाट

## – वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा – हत्या आरोपी भाई के विरुद्ध थाने पर मुकदमा दर्ज

**शाहपुर, 31 मई (बु.)।** क्षेत्र के गांव आदमपुर में नाराज भाई ने अपनी बहन के किसी युवक से प्रेम-प्रसंग होने के कारण बहन की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। सूचना पर एसएसपी, एसपी देहात व सीओ बुढ़ाना ने गांव में मृतका के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। एसएसपी ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले आरोपी भाई के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा। क्षेत्र के गांव आदमपुर निवासी शकील अपनी पत्नी नसीमा व अपने नौ बच्चों के साथ गांव में रहता है। पुलिस ने बताया कि शकील की करीब 20 वर्षीया पुत्री अदीबा का किसी युवक के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था, जिसके बाद परिजनों ने दो वर्ष पूर्व अदीबा को गांव पलड़ी निवासी उसके दादा खलील के यहां भेज दिया था, किंतु युवती अपने प्रेमी से बातचीत करती रहती थी। परिजनों ने इस





सम्बंध में उसके माता-पिता व भाई को बताया, जिसके बाद ईद-उल-जुहा त्योहार पर घर आया उसका बड़ा भाई आमिर गांव पलड़ी पहुंचा और अपनी बहन को लेकर आदमपुर आ गया। बताया गया कि भाई ने कमरे में ले जाकर अपनी बहन को समझाने का काफी प्रयास किया, किंतु किसी बात को लेकर दोनों भाई बहन में कहासुनी हो गयी, जिसके चलते भाई ने अपनी बहन के गले पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवती की मौत हो जाने से घटना के वक्त घर में मौजूद मां नसीमा व दो बच्चे उमरा व सुएब थे जबकि अन्य बच्चे गली में खेल रहे थे।

पिता शकील पशुओं के लिए चारा लेने गया हुआ था। घर में मौजूद मां व भाई-बहन ने शोर मचाया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग उसके घर पहुंचे और घटना को देखकर सन्न रह गए। घटना की सूचना चौकीदार आबिद ने पुलिस को दी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेने के साथ घटना से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही मृतका का पिता शकील व उसके पुत्र व पुत्रियां घर पर नहीं थे। घर में अकेली मृतका की मां थी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका चार भाई व पांच बहन है। सूचना पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एसपी देहात अक्षय संजय महादिक व सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह मौके पर पहुंचे और मृतका की मां से घटना की जानकारी ली। एसएसपी ने मृतका की मां से घटना की जानकारी ली, तो मृतका की मां ने बताया कि अदीबा किसी युवक से बातें किया करती थी, जिससे नाराज होकर अदीबा के भाई ने उसकी हत्या कर दी। एसएसपी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया है। शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने मौके से आलाकत्ल चाकू को बरामद कर लिया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

# गाजियाबाद में छात्र की हत्या के आरोपी असद का एनकाउंटर

### पिता भी गिरफ्तार, बोला था- बकरीद पर सूर्या की कहानी खत्म कर दो

**गाजियाबाद, 31 मई (एजेंसी)।** 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या का मुख्य आरोपी असद (19) एनकाउंटर में मारा गया। वह शहर छोड़कर भागने की फिराक में था। रविवार तड़के 4 बजे पुलिस ने घेरा तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में असद ढेर हो गया। पुलिस ने शनिवार को ही उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। मुठभेड़ शहर के वसुंधरा इलाके में हुई। बकरीद के दिन (28 मई) 17 साल के सूर्या की हत्या हुई थी। नाबालिग दोस्त के मुताबिक, असद ने फोन करके सूर्या को बुलाया। साथियों के साथ उसे घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। मारने से पहले उसने सूर्या से पूछा था- क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? आओ, दिखाते हैं। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। वहीं, खोड़ा पुलिस ने दोपहर में 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें असद के




पिता नवाब (45), फरहान (19) और आतिफ (19) शामिल हैं। फरहान ने पुलिस को बताया, नवाब ने असद को सूर्या की हत्या के लिए उकसाया था। कहा था- बकरीद पर सूर्या की कहानी खत्म कर दो। एनकाउंटर पर सूर्या की मां ने कहा- असद की लाश की फोटो दिखाओ, तभी मानूंगी कि उसका एनकाउंटर हुआ है। बाकी आरोपियों का भी एनकाउंटर होना चाहिए। दो समुदायों से जुड़े होने के चलते मामले ने तूल पकड़ लिया। यूपी सरकार में मंत्री सुनील कुमार शर्मा सूर्या के परिवार से मिले। उन्होंने कहा- सीएम योगी ने परिवार को 5 लाख रुपए देने ऐलान किया है। पैसे मां के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। परिवार के एक सदस्य को नगरपालिका में नौकरी भी दी जाएगी। सूर्या के घर हिंदूवादी संगठनों के लोग भी पहुंचे और नारेबाजी की। इसके चलते सूर्या के घर के बाहर आरआरएफ और पुलिस तैनात कर दी गई। बाजार बंद करा दिया गया। एनकाउंटर के करीब 12 घंटे बाद असद के शव का पोस्टमॉर्टम हो रहा है। उसके घर पर ताला लगा है। परिवार के लोग घर छोड़कर भाग गए हैं।

# फर्जी नर्सिंग डिग्री फैक्ट्री का भंडाफोड़ :10 आरोपी गिरफ्तार

### – 20 से 25 हजार में बेचते थे डिग्री, नौकरी दिलाने का देते थे लालच

**मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)।** मुजफ्फरनगर पुलिस ने फर्जी नर्सिंग डिग्री बनाने वाले 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी डिप्लोमा, मार्कशीट और रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र तैयार कर युवाओं को बेच रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस अवैध कारोबार का नेटवर्क मुजफ्फरनगर से लेकर मेरठ तक फैला हुआ था।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह का एक सदस्य कंप्यूटर सेंटर पर बैठकर फर्जी प्रमाण-पत्र और मार्कशीट बनाता था। गिरोह के अन्य सदस्य उसे अभ्यर्थियों का डाटा, फोटो और क्यूआर कोड उपलब्ध कराते थे। ये तैयार दस्तावेज पहले लगभग 4 हजार रुपए में बेचे जाते थे, जिन्हें आगे 20 से 25 हजार रुपए तक में बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जाता था। थाना ककरौली पुलिस को संभलहेड़ा जाने वाली नहर पटरी के पास संदिग्ध व्यक्तियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ के बाद मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने मेरठ स्थित न्यूटिमा हॉस्पिटल और हिम्स हॉस्पिटल में भी दबिश दी। मेरठ में की गई दबिश के दौरान पांच अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें

### मेरठ में कमप्यूटर सेंटर में बनाए फर्जी दस्तावेज

**मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)।** पूछताछ के दौरान आरोपी कुलदीप ने बताया कि वह पिछले लगभग 18 माह से विधू कम्प्यूटर सेंटर, जानी, मेरठ में कार्य कर रहा है। उसे आरोपी इस्माईल द्वारा विभिन्न व्यक्तियों का डाटा उपलब्ध कराया जाता था, जिसके आधार पर वह फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र, नर्सिंग एवं मिडवाइफरी डिप्लोमा, मार्कशीट तथा अन्य शैक्षिक दस्तावेज तैयार करता था। आरोपी आदिल द्वारा उसे क्यूआर कोड उपलब्ध कराए जाते थे, जिन्हें वह तैयार किए गए डिप्लोमा, मार्कशीट एवं रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्रों पर अंकित करता था। आरोपी कुलदीप ने बताया कि इस कार्य के बदले उसे इस्माईल द्वारा प्रति मार्कशीट अथवा प्रमाण-पत्र तैयार करने पर 500 रुपये दिए जाते थे। वहीं, इस्माईल एवं आदिल ने पूछताछ में बताया कि तैयार किए गए फर्जी दस्तावेजों को वे शिवानन्द एवं मनीष को लगभग चार हजार रुपये प्रति दस्तावेज के हिसाब से बेचते थे। आरोपी शिवानन्द एवं मनीष ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे उक्त फर्जी डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र एवं मार्कशीटों को आगे संबंधित व्यक्तियों को लगभग 25 हजार रुपये प्रति दस्तावेज के हिसाब बेच रहे थे।



### फर्जी एएनएम व नर्सिंग की कोर्स पर कर रहे नौकरी

**मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि इस गैंग ने सबसे अधिक एएनएम व नर्सिंग कोर्स के फर्जी डिप्लोमा तैयार किए हैं। अभी तक यह गैंग 60 से अधिक इस तरह के फर्जी डिप्लोमा तैयार कर युवतियों व युवकों को उपलब्ध करा चुके है। इन फर्जी डिप्लोमा के आधार पर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, नोएडा, बिजनौर, मेरठ, शामली में स्थित बडे अस्पतालों में नौकरी कर रहे है। फर्जी डिप्लोमा पर नौकरी करने वाले युवक व युवतियां अस्पताल में आमजन की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरठ जनपद के न्यूटिमा हॉस्पिटल व हिम्स हॉस्पिटल में गिरफ्तार आरोपी रितेश, जयंत, सचिन पाल, संदीप व नितेश फर्जी डिप्लोमा के आधार पर नौकरी कर रहे थे। गिरफ्तार अस्पतालों में मरीजों का इलाज कर रहे थे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बिजनौर व सहारनपुर आएंगे

### – बिजनौर में पाक के विस्थापित हिंदूओं को भूमि और सहारनपुर में शाकंभरी देवी क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे





**मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक जून को सहारनपुर व बिजनौर के दौरे पर आएंगे। योगी आदित्यनाथ के दौरे को लेकर मुजफ्फरनगर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। सहारनपुर व बिजनौर सीमा पर पुलिस ने वाहनों की चैकिंग की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिजनौर के गांव आलमपुर गांवड़ी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर सोमवार को दोपहर 1.25 बजे जनपद की ग्राम पंचायत आलमपुर गांवड़ी में बने हेलीपैड पर उतरेगा। 1.30 बजे वे कार द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए 1645 परिवारों और 50 पूर्व सैनिकों व लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र देंगे। क्षेत्र के 10 किसानों को कृषि भूमि के पट्टों का अधिकार पत्र व खतौनी का वितरण करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना समेत विभिन्न योजनाओं के पात्रों को लाभावित करेंगे। वे यहां से करीब 3.05 बजे शाकंभरी देवी मंदिर सहारनपुर के लिए रवाना होंगे। सहारनपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिद्धपीठ माता शाकंभरी मंदिर पहुंचेंगे। वे शाकंभरी क्षेत्र में दो दिन पहले आई बाढ़ में हुए नुकसान का जायजा लेने के साथ ही वहां चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे। 3:35 बजे पर मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर शाकंभरी देवी मंदिर हेलीपैड पर पहुंचेगा। इसके बाद आधा घंटा परिक्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी 4:05 बजे से जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों संग बैठक करेंगे। इसके बाद 4:35 बजे मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर शाकंभरी देवी मंदिर हेलीपैड से उड़ान भरकर 4:50 बजे पर सरसावा एयरपोर्ट पर पहुंचेगा। वहां से सीएम योगी राजकीय वायुयान से अमौसी के लिए रवाना हो जाएंगे।

लाखों का कमीशन बचाइये !
सम्पर्क सूत्रः- 9368549219
आप भी बुलेटिन प्रॉपर्टी बाजार के साथ जुड़ जाइये।



शहर के बीचों बीच लोहिया बाजार में तीन दुकानों के साथ बना हुआ शानदार मकान तुरन्त बिकाऊ है।
संपर्क करें- 7302191106

लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड पर शानदार

तीन मंजिला प्रॉपर्टी बिकाऊ है।

70 गज में बना, सभी पोर्शनों में किचन, बाथरूम, लेट्रिन आदि की सुविधा।
संपर्क करें- 7055059977, 9837036977

गाँधी कॉलोनी (पुल उतरते ही) पहली गली नं. 1 133.5 गज में नीचे शोरूम, ऊपर शानदार मकान बना बिकाऊ है।
सम्पर्क करें:- 7830002233
इस प्रॉपर्टी के लिए सिर्फ पंजाबी और बहावलपुर समाज के लोग ही सम्पर्क करें।

शोरूम बिकाऊ है
अंजुमन सिनेमा के पास, रुड़की रोड पर 4 मंजिला शोरूम बिकाऊ है।
साइज 16 x 35 फुट
संपर्क करें- M:.9897233164

प्लॉट की आवश्यकता है
गांधी कॉलोनी व उसके आसपास के क्षेत्र में 400 से 600 गज प्लॉट की, जिसका रेट 50 से 70 हजार रुपये गज के बीच का हो। दक्षिण दिशा का प्लॉट बेचने वाले सम्पर्क न करें।
सम्पर्क करें:- 7983359929

शानदार मकान बिकाऊ
266 वर्ग गज में डबल रोड का शानदार मकान गाँधी कॉलोनी, गली नं. 10 में तुरंत बिकाऊ है।
6 BHK ड्राइंग रूम, डाइनिंग हॉल, किचन, स्टोर, हर मंजिल पर 3 कार पार्किंग स्पेस
सम्पर्क करें:-M:.9837609309

